Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 28-04-2007

Participants : Hussain Shri Syed Shahnawaz

an>

Title: Reported murder of a student belonging to Bhagalpur Parliamentary Constituency within the campus of Aligarh Muslim University.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):अध्यक्ष महोदय, मैं इसे स्टेट सब्जैक्ट नहीं बना रहा हूं।...(व्यवधान) अभी यू.पी. में चुनाव हो रहा है और वहां राज्य सरकार काम नहीं कर रही है, इसलिए मैं यह आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश वविद्यालय में 25 तारीख को...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: देवेन्द्र जी, आप अमेंडमेंट लेकर आइए।

...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : देवेन्द्र जी, यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है, बिहार के एक लड़के की हत्या हुई है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: No, we cannot go into that.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में लड़के पढ़ने जाते हैं, यह प्रेसटिजियस आर्गनाइजेशन है, देश का सबसे बड़ा इंस्टीट्यूशन है। वहां की जो कानून-व्यवस्था है, वह बहुत खराब हो रही है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: It is a matter of great concern. We condemn such incidents, but you cannot raise it here.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर का एक लड़का मोहम्मद कोसर, जो इंजीनियरिंग का छात्र था और मेरी कांस्टीट्युएंसी भागलपुर का रहने वाला था।...(व्यवधान) वह एक होनहार लड़का था, उसकी गोली मार कर हत्या कर दी गई। मैं आपका संरक्षण चाहता हूं कि वहां इस तरह की जो असामाजिक व्यवस्था हुई है, वहां प्रशासन को ठीक किया जाए। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की चर्चा बहुत लोग करते हैं, लेकिन वहां जिस तरह से अपराधी हावी हो रहे हैं और असामाजिक तत्व ने कब्जा

* Not recorded

किया है और जिस तरह इस होनहार लड़के, इंजीनियरिंग में पढ़ने वाले छात्र की हत्या हुई है, यह बहुत चिन्ताजनक बात है। वह सेंट्रल यूनिवर्सिटी है, इसलिए जो केन्द्र सरकार है,...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: A murder cannot become a Central Subject just because it took place in a Central University.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, वह सेंट्रल यूनिवर्सिटी है, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं कि उसे न्याय मिलना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You know that very well. You have served the people of your constituency. Please take your seat.